हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
सोमवार
23 जून 2025, बरेली



# स्वर अर्पण में गायन गुरुओं और शिष्यों ने छेड़े मधुर तराने

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार को स्वर अर्पण का आयोजन हुआ। इसमें गायन गुरुओं और गायन के विद्यार्थियों ने तराने छेड़े। कार्यक्रम का आरंभ फिल्म प्रेमगीत के प्रसिद्ध गाने होंठों से छू लो तुम से गायन के विद्यार्थी गीतू अरोरा, सोनम गुआल, अश्वथ कपूर, अर्नव कनौजिया, अद्विका आनंद, त्रिशिका बिष्ट ने किया।

गायन गुरु स्नेह आशीष दुबे और विद्यार्थी डा. रजनी अग्रवाल ने जब मेरी हकीकत जा जा कर गीत को प्रस्तुत किया। गुरु शालिनी पांडेय ने नियत ए शौक भर न जाए, गुरु प्रियंका ग्वाल ने नजरिया लग जाएगी सुनाया। इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. शरद जौहरी आदि मौजूद रहे।